Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:14 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:56 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 154 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 10 दिसंबर 2024

प्यार को महसूस करने के लिए लंबे... पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा कल, रूट रहेगा डायवर्ट

**रुड़की।** कल से शुरू हो रही अग्निवीर भर्ती परीक्षा को लेकर आज से ही रूट डायवर्ट रहेगा। बड़े वाहनों की शहर में एंट्री पर पाबंदी रहेगी। 11 से 21 दिसंबर तक चलने वाली अग्निवीर भर्ती परीक्षा के मद्देनजर मंगलवार रात 12 बजे से 21 दिसंबर की सुबह सात बजे तक रूट डायवर्ट रहेगा। शहर के अंदर से भी भारी वाहनों की एंट्री पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। सिविल लाइंस कोतवाली में पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### आईएमए पासिंग आउट परेड के दौरान परिवर्तित रहेंगे रूट



**देहरादून।** आईएमए के आसपास सुबह 07.30 से 11.30 बजे तक, 12 दिसंबर को सुबह सात से 11 बजे तक और शाम चार बजे से शाम 7.30 तक यातायात डायवर्ट रहेगा। यातायात पुलिस ने आईएमए पासिंग आउट परेड को लेकर रूट परिवर्तन किया है। यातायात पुलिस के अनुसार 10 से लेकर 14 दिसंबर तक आईएमए में कार्यक्रम होने हैं। इस दौरान निर्धारित समय में आईएमए की ओर कोई भी यातायात नहीं जाएगा और आईएमए की तरफ जीरो जोन रहेगा।

10 दिसंबर को आईएमए के आसपास सुबह 07.30 से 11.30 बजे तक, 12 दिसंबर को सुबह सात से 11 बजे तक और शाम चार बजे से शाम 7.30 तक यातायात डायवर्ट रहेगा। इसके अलावा 13 दिसंबर को सुबह नौ से 11 बजे तक और शाम चार बजे से 07.30 बजे तक, वहीं 14 दिसंबर को सुबह सात से दोपहर 12 बजे तक रूट डायवर्ट रहेगा।



मानवाधिकार संगठन ने की बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार रोकने की मांग

# हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में उमड़े प्रदर्शनकारी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों हिन्दुओं पर अत्याचार और मानवाधिकारों के उल्लंघन के विरोध में आज हल्द्वानी में हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन एमबी इंटर कॉलेज के मैदान से शुरू होकर पंडित दीनदयाल चौक तिकोनिया तक पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में लोगों ने बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय पर हो रहे हमलों, जबरन धर्मांतरण, सांस्कृतिक धरोहरों के विनाश और धार्मिक स्थलों पर बढ़ती हिंसा पर गहरी चिंता जताई। ज्ञापन में कहा गया कि कट्टरपंथियों द्वारा महिलाओं और बच्चों पर हिंसा, अपहरण और शिक्षा से वंचित करने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। यह न केवल बांग्लादेश के संवैधानिक अधिकारों, बल्कि अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों का भी उल्लंघन है। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार और उनके संवैधानिक व अंतर्राष्ट्रीय अधिकारों के उल्लंघन पर विरोध जताया। मानवाधिकारवादियों का कहना है कि बांग्लादेश में हिंदू और बौद्ध अल्पसंख्यक धार्मिक कट्टरपंथियों के अत्याचारों का लगातार शिकार हो रहे हैं धार्मिक स्थलों पर हमले बढ़ रहे हैं। 69 मंदिरों तथा अन्य पूजा स्थलों पर अनुष्ठानों के दौरान हमले किए गए हैं।



अपहरण और बलात्कार की घटनाएं आम हो गई हैं। बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित जीवन से वंचित किया जा रहा है। सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों का विनाश जारी है। यह अंतर्राष्ट्रीय कानून, सार्वभौमिक मानवाधिकार और अंतर्राष्ट्रीय नागरिक और राजनीतिक अधिकार का हनन है।

मानवाधिकारवादियों ने भारत सरकार, संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से मांग की कि बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने को कहा जाये। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद और अन्य अंतर्राष्ट्रीय निकायों द्वारा एक स्वतंत्र जांच आयोग गठित किया जाए, जो बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की निष्पक्ष जांच करे। हिंसा और उत्पीड़न से प्रभावित हिंदू अल्पसंख्यक समुदायों के पुनर्वास के लिए बांग्लादेश सरकार विशेष योजनाएं बनाए और उनके आर्थिक सामाजिक व सांस्कृतिक नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिया जाये। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया गया कि बांग्लादेश में सभी धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जायें। प्रदर्शन में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन प्रदेश अध्यक्ष श्रुति गोलवलकर, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन जिला प्रवक्ता राजेश जोशी, विवेक कश्यप, अध्यक्ष वरिष्ठ जन कल्याण भुवन भास्कर, पूर्व सैनिक मेजर बीएस रौतेला, पूर्व अर्धसैनिक बल दरबान सिंह बोरा, क्षैत्रिय संरक्षक भारत विकास परिषद भगवान सहाय, पंजाब जन कल्याण समिति, प्रदीप कक्कड़, सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रताप बिष्ट, चंदन बिष्ट, सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश महामंत्री भुवन भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता चंदन बिष्ट, भाजपा के प्रदेश सहकोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, पूर्व विधायक नारायण पाल, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, प्रमोद तोलिया, प्रदीप बिष्ट, प्रकाश हरबोला, राशि जैन, प्रतिभा जोशी आदि हजारों लोग शामिल हुए।

### उद्यमियों का मिला समर्थन

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन में सभी व्यापार मंडलों का समर्थन रहा और सभी बाजार ज्ञापन देने तक बंद रखे गये। महानगर के सभी सामाजिक सगठनों वैश्य महासभा, अग्रवाल सभा, अपनी धरोहर सहित कई सामाजिक महिला संगठनों का समर्थन रहा और सभी लोग शामिल रहे।

## संसदः लोकसभा में हंगामे और नेताओं के रवैये को बिरला ने बताया अशोभनीय

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को संसद परिसर में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के विरोध प्रदर्शन के तौर-तरीकों को अशोभनीय बताया। उन्होंने प्रतिपक्ष के बड़े नेताओं के आचरण को संसदीय परंपराओं को प्रतिकूल करार दिया।

उन्होंने कहा कि सभी को संसद की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर इसका जिक्र किया। इस दौरान विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपने मुद्दे उठाने का प्रयास करते हुए हंगामा किया, जिसके चलते सदन की कार्यवाही पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।



इससे पहले विपक्षी नेताओं ने काले रंग का झोला लेकर संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। झोले पर उद्योगपति गौतम अदाणी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर बनी हुई थी। इससे एक दिन पहले ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी और अदाणी का मुखौटा पहने दो कांग्रेस सांसदों का प्रतीकात्मक साक्षात्कार करते हुए सरकार और प्रधानमंत्री पर निशाना साधा था। कांग्रेस सांसद शिवाजी कलगे ने प्रधानमंत्री मोदी और मणिकम टैगोर ने गौतम अदाणी का मुखौटा पहन रखा था।

## बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार पर न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में भारत में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। देशभर में जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं कांग्रेस बांग्लादेश सरकार के पुतले जलाए जा रहे हैं।

बांग्लादेश में सुलग रही आग की आंच से हल्द्वानी भी अछूता नहीं है। इसके विरोध में जहां शहर में विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली गई वहीं दुकानें भी बंद रहीं। बांग्लादेश में हो रहे बर्बरता को लेकर बार एसोसिएशन हल्द्वानी के पदाधिकारी भी समर्थन में आ गए हैं। मंगलवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। मंगलवार को बार एसोसिएशन के बैनर तले तमाम अधिवक्ता जिला कोर्ट प्रांगण में एकत्रित हुए और बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने मसमामले में भारत सरकार से हस्तक्षेप की



मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे तो भारतीय चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि कश्मीर में मानवाधिकारों का राग अलापने वाले संगठन अब कहां पर सोए हैं, वह बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले पर क्यों नहीं कुछ बोल रहे?

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाए जाने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में जिस तरीके से हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है और पूरा विश्व मौन है। कहा कि बांग्लादेश में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को बांग्लादेश सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना, उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक, अमानवीय व हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है। इस दौरान किशोर कुमार पंत, मोहन सिंह बिष्ट, सुनील पुंडीर, योगेन्द्र पाठक, आदित्य शर्मा, नीलू शर्मा, राजन मेहरा, किशोर तिलारा, मो. इरफान, मो. अल्तमश, मो. जावेद आदि समेत तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

# प्रो. रावत ने जेसी बोस परिसर का दौरा किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने सोमवार को विवि के सर जे.सी. बोस परिसर भीमताल का अचानक दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने परिसर में चल रहे शैक्षणिक ब्लॉक के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों से काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। कुलपति प्रो.रावत ने इस कार्य को छात्रों के लिए आवश्यक सुविधाओं के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण बताया और इस परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए अधिकारियों से और अधिक प्रयास करने की अपील की।

कुलपति प्रो. रावत ने परिसर में मौजूद सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को सर्वोत्तम शैक्षणिक अनुभव और सुविधाएं प्रदान करना है जिसके लिए सभी निर्माण कार्य समयबद्ध और



गुणवत्ता से किए जाने चाहिए। इस दौरान उन्होंने परिसर में वर्तमान में चल रही सुविधाओं यथा: पुस्तकालय, लैब्स और अध्ययन कक्षों का भी जायजा लिया और कुछ सुधार के सुझाव दिए।

इसके बाद कुलपति प्रो.रावत ने परिसर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों का दौरा कर वहां की व्यवस्था का मूल्यांकन किया और परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। परीक्षा केंद्र में छात्रों के बैठने की व्यवस्था तथा उचित प्रकाश व्यवस्था व वेंटिलेशन और अन्य मूलभूत संसाधनों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसी भी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा शांतिपूर्वक और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो। निरीक्षण के दौरान कुलपति के साथ सर जे.सी. बोस परिसर भीमताल के निदेशक प्रो. एल.के. सिंह, संकायाध्यक्ष (तकनीकी) प्रो. कुमुद उपाध्याय और विश्वविद्यालय प्रशासन के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे। कुलपति ने सभी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों का पालन करने की अहमियत समझाई और विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए हर स्तर पर टीमवर्क और समर्पण की आवश्यकता को बल दिया। उन्होंने परिसर में चल रहे कार्यों में उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए सभी को प्रेरित किया और अगले कुछ महीनों में आगामी योजनाओं के बारे में चर्चा की। कुलपति प्रो.रावत के निर्देशों के उपरांत निर्माण कार्यों के देखरेख हेतु परिसर निदेशक प्रो. एल के सिंह की अध्यक्षता में संकायाध्यक्ष तकनीकी संकाय प्रो. कुमुद उपाध्याय, सहायक अभियंता संजय पंत और फ मैंसी विभाग के डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला की सदस्यता में मॉनिटरिंग कमेटी के गठन का आदेश भी कुलसचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल द्वारा जारी कर दिया गया है। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो एल के सिंह, संकायाध्यक्ष तकनीकी संकाय प्रो कुमुद उपाध्याय, विभागाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन प्रो. अमित जोशी, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. अर्चना नेगी साह, सहायक अभियंता संजय पंत, डा हितेश पंत, डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला, नरेश पंत तथा भगवान ध्यानी व मनोज पलडिया आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में निकाय चुनाव का रास्ता साफ, ओबीसी आरक्षण संबंधी अध्यादेश को दी मंजूरी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड में निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण का मुद्दा आखिरकार सुलझ गया है। इसी महीने के अंत में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है।

उत्तराखंड के निकाय चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। राजभवन ने निकायों में ओबीसी आरक्षण संबंधी अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। अब एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की रिपोर्ट के हिसाब से ओबीसी आरक्षण लागू होगा। इस महीने के अंत में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। उत्तराखंड के निकाय चुनाव के लिए अध्यादेश को विधि विभाग की हरी झंडी मिल गई थी। विभाग ने अपनी कानूनी राय राजभवन को भेजी थी। जिसके बाद राजभवन को इस पर निर्णय लेना था। निकाय चुनाव के लिए ओबीसी आरक्षण लागू किया जाना है। इसके लिए, शासन ने राजभवन को कानून में बदलाव के



मकसद से अध्यादेश भेजा था।

राजभवन की विधि टीम ने किसी कानून का हवाला देते हुए इसे रोक लिया था। राजभवन ने ही शासन में विधि विभाग से इस पर राय मांगी। विधि विभाग ने इसे हरी झंडी दे दी। कुछ कानूनों का हवाला देते हुए विधि विभाग ने माना है कि राजभवन चाहे तो अध्यादेश को मंजूरी दे सकता है।

अब राज्यपाल ने अध्यादेश को मंजूरी दे दी है , जिसके साथ ओबीसी आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो जाएगी। उसके बाद निकाय चुनाव होंगे।

# नियमितीकरण की मांग को 157वें दिन भी पौधरोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर चलाया जा रहा राज्य में नियमितीकरण की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत अनोखा पौधा रोपण आंदोलन सोमवार को 157वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि सोमवार को कड़ाके की ठंड के बावजूद उनके नेतृत्व में कुमाऊं मंडल विकास निगम पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों के द्वारा नित्य की भांति आवास गृह पिथौरागढ़ स्थित मानसरोवर यात्री वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया उन्होंने कहा कि 3 जुलाई से चले इस आंदोलन में विभिन्न चरणों में नैनीताल व देहरादून के अतिरिक्त सभी जनपदों में अपने कार्यों के साथ-साथ पौधा रोपण आंदोलन चलाया गया। जो राज्य में एक नजीर बनता जा रहा है।

कहा कि प्रकृति की इतनी सेवा करने के बावजूद भी सरकार द्वारा वार्ता के माध्यम से समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है जो चिंतनीय विषय है। पौधारोपण कार्यक्रम में हंसी बिष्ट, वेद प्रकाश, पदम सिंह, शेर सिंह, हर सिंह, सौरव खोलिया, महेश कुमार, गोपाल, नरेंद्र थापा, दीपक तथा राजेंद्र सिंह सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।




# NEWS / फटाफट

## किशन कुमार ने पीएचडी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के अटल पत्रकारिता व जन संचार विभाग में सोमवार को किशन कुमार ने पीएचडी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी। बता दें कि किशन ने रोल ऑफ सोशल मीडिया इन डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर अपना शोध कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.गिरीश रंजन तिवारी के विशेष दिशा- निर्देशन में पूर्ण किया। ऑन लाइन संपन्न हुई इस मौखिकी परीक्षा में दून विवि देहरादून के प्रो. राजेश कुमार एक्सपर्ट के रूप में शामिल हुए । मौखिक परीक्षा विभागाध्यक्ष प्रो.गिरीश रंजन तिवारी ने संपादित कराई। मौखिक परीक्षा में प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी,डॉ. पूनम बिष्ट, डॉ नवीन पांडे,आस्था शर्मा, डॉ सुनील भारती,नंदा बल्लभ पालीवाल तथा चंदन सिंह सहित शोधार्थी आदि शामिल रहे।

## नैनीताल बैंक लिमिटेड को मिला राष्ट्रीय बैंकिंग उत्कृष्टता पुरस्कार

**नैनीताल।** नैनीताल बैंक लिमिटेड को वित्तीय समावेशन में अग्रणी बैंक श्रेणी में राष्ट्रीय बैंकिंग उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 मिला। बैंक प्रबंधन के मुताबिक यह कार्यक्रम 6 दिसंबर 2024 (शुक्रवार) को द क्लब मुंबई में आयोजित हुआ। यह सम्मान बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ निखिल मोहन के नेतृत्व और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि बैंक की मेहनत और समाज के विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैए जो सभी के लिए गर्व का क्षण है।

## मतदाता सूची में त्रुटियों में सुधार कार्य शुरू

**नैनीताल ।** नगर पालिका नैनीताल की ओर से निकाय चुनाव को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई हैं, जिसके तहत मतदाता सूचियों में नाम अंकित करने और अन्य त्रुटियों में सुधार किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पालिका के अधिशासी अधिकारी/ नोडल अधिकारी दीपक गोस्वामी ने बताया कि नगर पालिका निर्वाचन 2024- 25 की मतदाता सूची में उन सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जा रहे हैं जो 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, साथ ही 8 तथा 9 और 10 दिसंबर को मतदान स्थल व मतदान केंद्र पर नियुक्त संगणकों से मतदाता का नाम सम्मिलित किए जाने तथा नाम संशोधन हेतु और नाम विलोपन या हटाए जाने हेतु मतदान केंद्र तथा कार्यालय नगर पालिका परिषद नैनीताल से प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि वर्तमान में निर्वाचन नामावली का प्रकाशन हो चुका है निर्वाचक नामावली उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए लिंक पर तथा कार्यालय नगर पालिका परिषद नैनीताल में भी उपलब्ध रहेगी। क हा कि सही और परिपूर्ण निर्वाचक नामावली स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन की आधारशिला है और इसका सही बनना प्रत्येक नागरिक के सक्रिय सहयोग पर निर्भर है। उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के अंतर्गत सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम निर्वाचक नामावली में अवश्य दर्ज कराएं।

## सेमीफाइनल में पहुंची स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून की टीम

**देहरादून।** अंडर-14 उत्तराखंड कप के लीग मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून ने मौर्य एकेडमी गदरपुर को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्रिकेट एसोसिएशन ऊधमसिंह नगर की ओर से उत्तराखंड कप अंडर-14 क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मौर्य अकादमी की टीम पहले बल्लेबाजी करते 94 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए जतिन रावत ने 52 रनों की पारी खेली। जीत के साथ ही देहरादून की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। वहां बलवंत सिंह, इंद्र नीलकर, हरप्रीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गन्ना काट रहे किसान पर भालू ने किया हमला

सितारगंज। ग्राम टुकड़ी में खेत में गन्ना काट रहे एक किसान को भालू ने हमला कर घायल कर दिया। सोमवार को दोपहर में टुकड़ी निवासी बलवंत सिंह (58) गन्ने के खेत में थे। अचानक गन्नों के पीछे छिपे भालू ने उन हमला कर दिया। उनके चीखने की आवाज सुनकर आसपास गन्ना काट रहे किसान उन्हें बचाने पहुंचे। लोगों को देख भालू जंगल की ओर भाग गया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# पहाड़ों में सीजन का पहला हिमपात, निचले इलाकों में शीतलहर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल समेत रामगढ़, मुक्तेश्वर तथा धानाचूली समेत आस पास के क्षेत्रों में सोमवार को मौसम का पहला हिमपात हो गया। मौसम के पहले हिमपात की खबर जैसे ही देश के विभिन्न शहरों में पहुंची तो शाम तक कई पर्यटक नैनीताल पहुंच गए। वहीं दूसरी ओर नैनीताल में ठहरे पर्यटकों ने नगर के ऊंचाई वाले स्थलों में जाकर हिमपात का भरपूर आनंद लिया।

बता दें कि सोमवार को नगर की ऊंची चोटियों में हल्का हिमपात हुआ लेकिन निचले क्षेत्रों में बर्फ के फु हारों के साथ ओलावृष्टि व बारिश हुई। बर्फबारी के चलते नगर में कड़ाके की ठंड पडऩी शुरू हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार (आज) से मौसम में सुधार आ जाएगा। अखिरकार देखा जाए तो मौसम विभाग की चेतावनी सच साबित हुई और दोपहर होते ही नैनीताल नगर की ऊंची चोटियों में हिमपात शुरू हो गया साथ ही ओलो की बरसात शुरू हो गई और नगर की ऊंची चोटियों के पेड़ों में मामूली बर्फ





जमनी शुरू हो गई। इस दौरान ओलावृष्टि जमकर हुई। बता दें कि नगर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों क्रमश: स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, बारा पत्थर तथा किलबरी,पंगूट तथा आयारपाटा सफेद की सड़के बर्फ की चादर में तब्दील हो गई। नगर के निचले क्षेत्रों में भी बर्फ तो गिरी अलबत्ता टिक नहीं पाई। इस बीच ओलावृष्टि भी शुरू होंगी। ओलावृष्टि थमने के बाद बारिश शुरू हो गई। जिस कारण सड़कों में बिछे ओले पिघल गए। मौसम का यह मिजाज शाम तक जारी रहा। वर्षा थमने की बाद हल्के बादल आसमान में छाए रहने कोहरे के आना जाना लगा रहा। मौसम बदल जाने से नगर कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। ठंड से राहत पाने के लिए हीटर व आग का सहारा लेना पड़ रहा है। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद के अनुसार अधिकतम तापमान 10 व न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता अधिकतम 95 व न्यूनतम 65 प्रतिशत रही।

नैनीताल में कडाके की ठंड के चलते बीपी के मरीजों की दिक्कतें बढऩे लगी हैं। डॉक्टर दवाओं के साथ मरीजों को जरूरी सलाह भी दे रहे हैं। बता दें कि नैनीताल में ठंड बढऩे लगी है। सोमवार को बर्फ बारी के बाद शहर में कडाके की ठंड महसूस हो रही है जिससे रक्तचाप के मरीजों की दिक्कतें बढने लगी हैं जिसके चलते रक्तचाप की समस्या वाले मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि जाडे में खून गाढा होने व नशों में सिकुडन के चलते बीपी के मरीजों को दिक्कतें होने लगती हैं जिससे उनको हृदयघात भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि नैनीताल की ठंड में रक्तचाप के मरीजों को लगातार सही समय पर दवा का सेवन करना चाहिए साथ ही ठंड में बाहर नहीं निकलने के साथ धूप सेंकनी चाहिए। इसके अलावा ठंडे पानी और ठंडे खाने के सेवन बचना चाहिए। दिक्कत होने पर डॉक्टरी सलाह जरूर लेनी चाहिए। वर्ष 2023 की अगर बात करें तो नैनीताल में 1 फरवरी (गुरुवार)को मौसम का पहला हिमपात हुआ था वह भी केवल नगर की सबसे ऊंची चोटी नयनापीक के साथ ही किलबरी तथा पंगूट आदि क्षेत्रों में ही हुआ था,उसके बाद 3 मार्च (रविवार) की रात में जमकर ओलावृष्टि के साथ ही ऊंची चोटियों पर हिमपात हुआ था। वर्ष 2023 में केवल दो ही बार नैनीताल में बर्फबारी का शगुन देखने को मिला लेकिन देखना यह है कि अबकी बार नैनीताल पर प्रकृति कितनी बार मेहरबान होती है?

# अभिमत



## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

*यूट्यूब ने अराजकता की हद पार कर दी है। प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी व्यक्ति के निधन का समाचार पूरी पुष्टि के बाद प्रसारित और प्रकाशित किया जाता है। चुनाव के दौरान रुझान और संभावित नतीजों को सर्वे के आधार पर उजागर किया जाता है। यूट्यूब पर राजनीतिज्ञों और अन्य हस्तियों के बारे में अनिष्ट तथा दुखद सूचना प्रसारित की जाती है, जबकि यह देशद्रोह और मानहानि का संगीन कृत्य है। यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया मंच के बारे में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने जो बात कही है, पद पर रहते हुए उन्होंने स्वतः संज्ञान लेकर क्यों कदम नहीं उठाया, यह सवाल जरूर उठ रहा है।*

सोशल मीडिया का प्रभाव समाज के हर वर्ग पर पड़ रहा है। सोशल मीडिया के बढ़ते चलन से समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नियम निर्धारित हैं, लेकिन सोशल मीडिया की स्थिति स्पष्ट नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोशल मीडिया के बारे में सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल विशेष हित और दबाव समूहों द्वारा मामलों के नतीजों को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है और न्यायाधीशों को उनसे सावधान रहने की जरूरत है। आजकल लोग यूट्यूब या किसी अन्य सोशल मीडिया मंच पर देखे गये 20 सेकंड के वीडियो के आधार पर राय बना लेते हैं और यह बहुत बड़ा खतरा है। हर नागरिक को यह समझने का अधिकार है कि किसी निर्णय का आधार क्या है। उन्हें अदालत के निर्णयों पर अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है, लेकिन जब यह सोशल मीडिया अदालत के निर्णयों से परे चला जाता है और किसी जज को निशाना बनाया जाता है तो मौलिक प्रश्न यह उठता है कि क्या यह वास्तव में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है? जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं, जब वह सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद पर थे, तब कई सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने अदालत में विचाराधीन मुकदमों को प्रभावित करने के लिए दबाव बनाने की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए पत्र लिखा था। पत्र लिखने वालों में कई राज्यों के हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल थे। सोशल मीडिया के लिए अभिव्यक्ति की स्वंतत्रता की नियमावली स्पष्ट नहीं है, फिर भी साइबर क्राइम के तहत गंभीर बातों पर संज्ञान लिया जाता है। यूट्यूब ने अराजकता की हद पार कर दी है। प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी व्यक्ति के निधन का समाचार पूरी पुष्टि के बाद प्रसारित और प्रकाशित किया जाता है। चुनाव के दौरान रुझान और संभावित नतीजों को सर्वे के आधार पर उजागर किया जाता है। यूट्यूब पर राजनीतिज्ञों और अन्य हस्तियों के बारे में अनिष्ट तथा दुखद सूचना प्रसारित की जाती है, जबकि यह देशद्रोह और मानहानि का संगीन कृत्य है। यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया मंच के बारे में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने जो बात कही है, पद पर रहते हुए उन्होंने स्वतः संज्ञान लेकर क्यों कदम नहीं उठाया, यह सवाल जरूर उठ रहा है। न्यायपालिका द्वारा अपराध रोकने के लिए कानून बनाने की सलाह दी जा सकती है। सरकार को सोशल मीडिया पर नियंत्रण की जिम्मेदारी निभाते हुए सख्त कानून बनाना चाहिए।

# 15 को होगा पागल जिमखाना कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से नैनीताल बैंक व सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं के सहयोग से नैनीताल में 15 दिसंबर (रविवार) को पागल जिमखाना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की कामयाबी के लिए क्लब की ओर से विभिन्न समितियों का गठन किया जा चुका है।

इसी सिलसिले में क्लब की अहम बैठक क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल की अध्यक्षता में हुई जिसमें 15 दिसंबर (रविवार) को डीएसए मैदान में होने वाले पागल जिमखाना कार्यक्रम को भव्य बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में क्लब के सभी सदस्यों द्वारा कहा गया कि पागल जिमखाना नैनीताल का मुख्य आकर्षण का कार्यक्रम रहा है, कई साल बाद इस कार्यक्रम को लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा अबकी बार आयोजित किया जा रहा है पिछले कई वर्षों से लोगों को इस कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार करते आ रहे हैं।

बैठक में उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक व चितपरिचित उद्घोषक हेमंत बिष्ट ने कहा कि पागल जिमखाना का इतिहास करीब सौ साल पुराना है,कहा कि लंबे समय से यह आयोजन किन्हीं कारणों से नहीं हो पाया था। खेल प्रेमियों से भाग लेने की अपील की। वरिष्ठ रंगकर्मी मिथिलेश पांडे ने कार्यक्रम के इतिहास पर प्रकाश डाला वही पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी ने कहा कि पागल जिमखाना का आयोजन हर वर्ष होना चाहिए। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि प्रतियोगिता में जो भी पागल बनकर आएगा उसे क्लब द्वारा विशेष प्रकार से सम्मानित किया जाएगा। अंत में पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में डा. मनोज सिंह बिष्ट, देवेंद्र लाल शाह, विनिता पांडे, गीता शाह, हेमा भट्ट ,रानी शाह, डा.प्रगति जैन, सीमा सेठ, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, रमा भट्ट, तुसी शाह, कविता त्रिपाठी, सरिता त्रिपाठी तथा डा. हिमांशु पांडे आदि सदस्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन संतोष साह ने किया।

### विभिन्न समितियों का गठन किया

पागल जिमखाना कार्यक्रम की मुख्य संयोजक मीनाक्षी कीर्ति ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है जिसमें पंकज बर्गली एवं खजान सिंह डंगवाल को भोजन व्यवस्था, हरीश जोशी, शैलेंद्र चौधरी तथा आनंद सिंह बिष्ट को डीएसए मैदान की व्यवस्था, भगवत सिंह रावत, शैलेश बिष्ट एवं युवराज को प्रचार प्रसार जबकि रितेश सागर, मदन सिंह मेहरा, नासिर अली, कौशल साह जगाती व पवन कुमार को नुक्कड़ नाटक आदि व्यवस्था जबकि प्रेम सिंह बिष्ट, विक्रम शाह, अमित कुमार तथा विक्रम सिंह रावत को मंच व्यवस्था जबकि संचालनकी अहम जिम्मेदारी हेमंत बिष्ट,प्रो. ललित तिवारी तथा नवीन पांडे को दिया गया है।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

कार्यक्रम की मुख्य संयोजक मीनाक्षी कीर्ति के मुताबिक कार्यक्रम में सुई धागा रेस/ बोरा रेस/ मोमबत्ती रेस/ चम्मच रेस/ धुन पहचानो/ म्यूजिकल चेयर रेस/ खजाना ढूंढो/ स्लो स्कूटी रेस/ बुजुर्ग रेस/ पति पत्नी रेस/ महिलाओं की रस्सी खींच प्रतियोगिता/ मटका रेस/ महिलाओं की बुनाई प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा।

## हाईटेंशन लाइनों के नीचे सुरक्षा जाल लगाने का कार्य शुरू

**हल्द्वानी।** इंद्रानगर 2019 से चल रहे संघर्ष के बाद विद्युत विभाग की टीम के द्वारा इंदिरा नगर की बड़ी रोड पर हाईटेंशन लाइनों के नीचे सुरक्षा जाल लगाने का कार्य शुरू हुआ। मो.अरबाज़ ने कहा कि हाईटेंशन लाइन के नीचे सुरक्षा जाल लगाना ज़रूरी होता है। विगत एक दशक से भी ज़्यादा वर्षो से इंद्रानगर की हाई टेंशन लाइन नीचे सुरक्षा नहीं लगाए गये थे। मगर युवा कांग्रेस के ज़िला उपाध्यक्ष मो.अरबाज़ ने संघर्ष जारी रखा और आज विभाग को मांग पूरी करने पर मजबूर होना पड़ा।मो.अरबाज़ ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता का धन्यवाद करा और लोगों ने सुरक्षा जाल लगते देख कर ख़ुशी ज़ाहिर की। अरबाज़ ने मिठाई वितरण की । संघर्ष करने वालों में साथ रहे मो. अरबाज़. समरुल इस्लाम.फैज़ान सैफी.हबिबुर रहमान.फरमान सिद्दीकी.नाज़िम अंसारी.शानू अल्वी.सगीर. सहीर आदि रहे।

# हल्द्वानी में 11 लाख की ठगी छात्र नेता और उसके साथी पर धोखाधड़ी का आरोप

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी में जमीन खरीदने के नाम पर 11 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है, जो एक बार फिर जमीन फर्जीवाड़े की गंभीरता को उजागर करता है।

ताजा घटना में पिथौरागढ़ के चंडाक निवासी पीआरडी जवान देवेंद्र सिंह के साथ धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित देवेंद्र सिंह का आरोप है कि दो साल पहले वह उपेंद्र देऊपा, जो यूएस नगर के निवासी हैं, और पवन सिंह, जो देहरादून के निवासी हैं, के संपर्क में आए थे। दोनों ने देवेंद्र से हल्द्वानी के भगवानपुर, जयसिंह इलाके में स्थित 0.052 हेक्टेयर जमीन का सौदा किया।

इस भूमि की कुल कीमत 16.60 लाख रुपये तय की गई थी, जिसमें देवेंद्र ने कुल 11 लाख रुपये किस्तों में भुगतान किए। पहले पांच लाख रुपये का चेक उपेंद्र देऊपा को दिया, फिर अपनी पत्नी के खाते से पांच लाख रुपये ट्रांसफर किए, और तीसरी किस्त में एक लाख रुपये और दिए। लेकिन जब रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू करने की बात आई, तो दोनों आरोपी लगातार बहाने बनाते रहे और रजिस्ट्री नहीं करवाई। जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने देवेंद्र सिंह की तहरीर पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उपेंद्र देऊपा और पवन सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

यह मामला हल्द्वानी में जमीन के नाम पर होने वाली ठगी की एक और कड़ी को जोड़ता है, जहां आए दिन लोग इस तरह के फर्जीवाड़े का शिकार हो रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है, ताकि आरोपियों को सजा दिलाई जा सके और अन्य लोगों को इस प्रकार के धोखाधड़ी से बचाया जा सके।

# फिल्मी दुनिया

## प्यार को महसूस करने के लिए लंबे समय का किया इंतजार?



*अर्जुन कपूर ने पिछले पांच सालों में अपने सामने आई चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह आज सच्चा प्यार महसूस कर रहे हैं। आइए जानते हैं आखिर अर्जुन किस प्यार की बात कर रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी फिल्म सिंघम अगेन में निभाए गए किरदार डेंजर लंका को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच प्यार को लेकर अर्जुन कपूर का एक बयान सामने आया है, जिसे सुनकर सभी हैरान रह गए। अर्जुन कपूर ने कहा कि उन्हें मान्यता मिलना अच्छा लगता है, चाहे प्रशंसक उन्हें उनके किरदार के नाम से बुलाएं या उनके काम के माध्यम से। उन्हें इस प्यार के लिए बेहद खुशी हो रही है, जो आजतक उन्हें नहीं मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान अर्जुन ने कहा, मैंने प्यार और सराहना पाने के लिए धैर्य और सम्मान के साथ लंबे समय तक इंतजार किया है। मुझे लगता है कि मेरे डेब्यू को बहुत प्यार मिला, कहीं न कहीं, मैं बस उस भावना को फिर से जगाना चाहता था। मैं बस एक दिन एक बार ले रहा हूं। चाहे वह इंटरव्यू में हो या आम लोग जो मुझे किरदार के नाम से बुलाते हैं। आप मान्य महसूस करना चाहते हैं। इसलिए मैं वास्तव में इस पल का आनंद ले रहा हूं। यही है प्रशंसकों की ऊर्जा, उत्साह और सच्चा प्यार। आपको अभी भी अगले अवसरों पर कड़ी मेहनत करनी है और अवसरों को जिम्मेदारी से चुनना है।*

### संघम अगेन की सफलता का जश्न

*अर्जुन कपूर ने 2012 में इश्कजादे से डेब्यू किया था और उसके बाद गुंडे, 2 स्टेट्स, फाइंडिंग फैनी, हाफ गर्लफ्रेंड, पानीपत, संदीप और पिंकी फरार, सरदार का ग्रैंडसन, भूत पुलिस, एक विलेन रिटर्न्स और कुत्ते जैसी फिल्मों में नजर आए। वह अब सिंघम अगेन की सफलता का जश्न मना रहे हैं, जिसमें उन्होंने खलनायक डेंजर लंका की भूमिका निभाई थी। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण जैसे सितारे शामिल हैं।*

# नाबालिग को छात्रा के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

काठगोदाम थाना क्षेत्र अंतर्गत अंतर्गत एक मामला प्रकाश में आया है जहां नाबालिग छात्र और उसके सहपाठी छात्रा को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इसके बाद काफी हंगामा हुआ हंगामा के बाद इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस छात्र-छात्रा को थाने ले आई। छात्रा के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग छात्र के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बताया जा रहा है कि बीती दिवस नगर एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था के स्नातक के छात्र-छात्रा घूमने के लिए रानीबाग क्षेत्र के लमजाला गांव की ओर गए इस दौरान ग्रामीणों ने नाबालिग छात्र और छात्रा को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा काट दिया। सूचना पर पहुंची काठगोदाम पुलिस दोनों छात्र और छात्रा को थाने ले आई। यहां दोनों के परिजनों को बुलाया गया। इस दौरान कुछ समाज संगठन के लोग भी मौके पर पहुंचे हंगामा खड़ा कर दिया जहां पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कराया। पुलिस के अनुसार छात्रा के परिजनों की तहरीर पर नाबालिग छात्र के खिलाफ दुष्कर्म मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थाना प्रभारी दीपक जिला ने बताया कि आज मंगलवार को मंगलवार को छात्रा का मेडिकल प्रशिक्षण कराया जाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी दीपक डिस्टेंस बताया कि दोनों ही नाबालिक है इस मामले में अधिकारियों से भी बात कर कार्रवाई की जाएगी।

News कॉर्नर

## संदिग्ध परिस्थितियों युवक की मौत, पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम को

**रुद्रपुर।** थाना पंतनगर की चौकी सिडकुल क्षेत्र में एक बेहोशी की हालत पड़े युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस के मुताबिक सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि सिडकुल क्षेत्र एक कंपनी के पास सड़क किनारे एक युवक पड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मृतक के शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं है। मृत्यु के कारणों को जानने को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ बताया जाएगा। शव की शिनाख्त भी नहीं हो सकी है।

## मुखानी थाना क्षेत्र से नाबालिग लापता

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। 17 वर्षीय रजनी यादव अपनी सहेली प्रियांशी के साथ शाम 6:30 बजे घर से बिना बताए चली गई। रजनी की मां पूजा यादव ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है और अपनी बेटी की सुरक्षित वापसी के लिए पुलिस से मदद मांगी है। पूजा यादव ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की तलाश अपने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में की, लेकिन कोई पता नहीं चला। उन्हें डर है कि प्रियांशी उनकी बेटी के साथ कोई घटना कर सकती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और रजनी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वे रजनी की सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# फिट इंडिया सप्ताह के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में फि ट इंडिया के नोडल अधिकारी डॉ. रीतेश साह ने बताया कि फिट इंडिया सप्ताह के तहत सोमवार को कार्यक्रम के अंतिम दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कहा कि छात्रों के बीच शारीरिक फि टनेस और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई फि टनेस गतिविधियों और खेलों का आयोजन किया। सोमवार को खेलों की थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ समापन हुआ। इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने अपने पोस्टरों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और खेलों के महत्व की समझ का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कर्नाटक की वैशाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

डा.साह ने बताया कि अगले सप्ताह फि ट इंडिया कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए जाएंगे। यह कार्यक्रम फिटनेस जागरूकता को बढ़ावा देने और स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने में खेल और खेलों की भूमिका को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। सभी छात्रों ने उत्साह के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और हर खेल में खेल भावना तथा टीम वर्क और अनुशासन से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में शिक्षिका अनीता बोरा और अपूर्व बिष्ट भी मौजूद थे, जिन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में अमन कुमार, संदीप आर्य, बबीता बृजवाल, नेहा छिमवाल, गौरव जनोटी, तुषार, सुशांत, गीतांजलि बिष्ट, अलीशा, करण सिंह राणा, नेहा, सर्वेश कुमार, सागर कुमार, सागर सिंह सावंत और नीरज पांडे सहित कई छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम की सफलता पूर्वक सम्पन्न होने कुमायूं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दीवान सिंह रावत, निदेशक डीएसबी परिसर प्रो नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो संजय पंत,मुख्य कुलानुशासक प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. ललित तिवारी, डॉ विजय कुमार, कार्यक्रम के सह समन्वयक संतोष कुमार तथा डॉ पूरन सिंह अधिकारी ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की और उनके प्रयासों की सराहना की।

# नगला बाईपास जंगल में सड़क किनारे युवक का शव बरामद

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



थाना पंतनगर कू जंगल हाथी कोरीडोर क्षेत्र में एक अज्ञात शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना स्थल का मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शव की पहचान लालकुआं बिंदुखत्ता पूर्वी घोडानाला निवासी राकेश उर्फ हरपाल पुत्र खीम राज के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक 32 वर्षीय राकेश उर्फ हरपाल पुत्र खीम राज की साइकिल की दुकान थी। छह दिसंबर को वह दुकान में जाने की बात कहते हुए घर से निकला था। शाम को वह घर वापस नहीं आया। इस पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई अता पता नहीं मिला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज उसकी तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार सुबह पंतनगर नगला बाईपास पर हाथी कोरीडोर क्षेत्र में किनारे जंगल में एक लाश पड़े होने की जानकारी किसी राहगीर ने डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, इंस्पेक्टर सुंदरम शर्मा,एसआई अशोक कुमार मौके पर पहुंचे।

साथ ही वन विभाग की टीम भी पहुंच गई? पुलिस के मुताबिक लाश पेट के बल पड़ी हुई थी। मुंह में मिट्टी लगी हुई थी। आशंका जताई कि हाथी के कुचलने से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि मृतक के शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। मुंह से हल्का खून निकला था। प्रथम दृष्टया हाथी के कुचलने से मौत की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। उधर परिवार में कोहराम मच गया।

**हड़कंप**

- **शव की पहचान लालकुआं बिंदुखत्ता पूर्वी घोडानाला निवासी राकेश के रूप में हुई**

## एसएसपी ने थाना आईटीआई और चौकी पैगा का किया निरीक्षण

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जनपद का थाना आईटीआई और चौकी पैगा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में खड़े लावारिस वाहनों का डीसीआरबी,जीपनेट के माध्यम से मिलान कर वाहन स्वामी का पता कर वाहनों का निस्तारण करने को निर्देशित दिया। एसएसपी ने थाना परिसर में निर्माणाधीन भवन का कार्य जल्दी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि भवनों की गुणवत्ता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होगा। एसएसपी ने पैगा चौकी में निरीक्षण कर चौकी परिसर तथा बेरिक में उच्च कोटि की साफ सफाई को इंचार्ज को निर्देशित किया। इसके साथ ही एसएसपी ने अधीनस्थों को अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व पूर्व में लगे सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कर नए कैमरे लगाने के लिए नए पॉइंट चिन्हित किए जाएं। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्रभारी कार्रवाई और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। गुड्डा मुक्त सड़कों को एनएचएआई से पत्राचार कर गड्ढो को भरने की कार्रवाई को कहा। रात गश्त पर विशेष ध्यान देने को कहा।



# पुलिस की वर्दी पहन सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो डालने पर कार्रवाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड पुलिस की वर्दी मंगवाई और उसे पहन कर यू ट्यूब और इंस्टाग्राम के लिए आपत्तिजनक वीडियो तैयार करके पोस्ट कर दिए। पुलिस को जानकारी मिली तो महिला को तुरंत थाने में तलब किया गया। और वीडियो डिलीट कराने के अलावा महिला अपने कृत्य के लिए सार्वजनिक तौर पर माफी मंगवाई गई।



दरअसल नैनीताल पुलिस के सोशल मीडिया सेल को जानकारी मिली थी कि कालाढूंगी की एक महिला ने उत्तराखंड पुलिस की वर्दी पहनकर आपत्तिजनक कंटेट यूट्यूब व इंस्टाग्राम पर अपलोड किया है। इस जानकारी पर महिला को कालाढूंगी थाने में तलब किया गया और उससे यू ट्यूब और इंस्टाग्राम पर डाले गए वीडियोज को डिलीट करवाया गया। महिला ने बताया कि उसने उत्तराखंड पुलिसकी वर्दी व स्टार आदि अमेजान से मंगवाए थे।

ऐसे वीडियो जारी करने केपीछे उसका आशय जल्द फेमस होना और पैसा कमाना था, लेकिन यहीं उसके लिए मुसीबत साबित हुआ। नैनीताल के एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के अनुसार सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए गलत कंटेंट और अनुचित तरीकों का सहारा लेने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। नैनीताल पुलिस की सोशल मीडिया सेल पूरी तरह सतर्क है और ऐसे गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही है। महिला द्वारा उत्तराखंड पुलिस की वर्दी पहनकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब पर अश्लील शब्दों के साथ वीडियो बनाकर डाले गए थे। महिला के खिलाफ कालाढूंगी पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**एसएसपी नैनीताल ने की जनता से अपील**

कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में शामिल न हो, जिससे पुलिस विभाग या किसी अन्य सरकारी संस्था की छवि धूमिल हो। ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## क्रिकेट मैच में वी बॉयज की टीम ने जीत हासिल की

**नैनीताल ।** स्वर्गीय पृथ्वीराज सिंह बिष्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत सोमवार को डीएसए मैदान में खेले गए मैच में अयारपाटा और वी बॉयज की टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें वी बॉयज की टीम ने 16 रन से जीत हासिल की।

इस दौरान डीएसए के महासचिव अनिल गढिया समेत क्रिकेट सचिव रवि जोशी के साथ ही वरुण, जनक बिष्ट, दीपक बिष्ट तथा अब्बास अली आदि मौजूद रहे।

# 1.1 किलोग्राम अवैध चरस बरामद, दो लोग गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

काठगोदाम थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.1 किलोग्राम अवैध चरस के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

काठगोदाम थाना पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान चौफुला चौराहे के पास वन विभाग चौकी के पास दो युवक मोटरसाइकिल पर खड़े थे और सिगरेट पी रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की तो वे घबराए हुए दिखे और तुरंत मोटरसाइकिल स्टार्ट कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने आवश्यक बल का प्रयोग कर दोनों को पकड़ लिया।

पकड़े गए व्यक्तियों के पास कपड़े के थैले थे। उनकी पहचान पूछने पर एक ने अपना नाम नितेश कुमार निवासी तल्ला प्लाट, गुरुदेव कॉलोनी, काठगोदाम, नैनीताल बताया, जबकि दूसरे ने पवन कुमार निवासी हरदा चौराहा, जवाहर ज्योति, काठगोदाम बताया। दोनों से वाहन के कागजात मांगे गए, लेकिन वे कागजात दिखाने में असफल रहे। जब पुलिस ने कपड़े के थैलों की तलाशी ली, तो थैलों में पॉलीथीन के पैकेट मिले, जिनमें मूंगफली रखी थी। लेकिन पुलिस की शक की वजह से जब इन पैकेट्स को खोला गया तो उसमें चरस बरामद हुई। पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि चरस वे प्रियंशु नामक व्यक्ति से खरीद कर बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# उत्तराखंड एसटीएफ व थाना रानीपुर पुलिस का ज्वाइंट ऑप्रेशन, 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड एसटीएफ और जनपद हरिद्वार थाना रानीपुर पुलिस के ज्वाइंट आपरेशन के तहत 25 हजार ईनामी बदमाश को यूपी के जिला मुजफ्फरनगर क्षेत्र से गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार ईनामी पर यूपी व उत्तराखंड में लूट, हत्या के प्रयास,आर्म्स एक्ट, नकबजनी, वाहनचोरी,ठगी,धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट के करीब 33 मुकदमें पंजीकृत हैं। डीजीपी दीपम सेठ के निर्देशन पर ईनामी बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई चल रही है। एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के दिशा-निर्देशन में उत्तराखंड एसटीएफ व थाना रानीपुर पुलिस का एक ज्वाइंट ऑपरेशन में थाना रानीपुर के 25 हजार के ईनामी अपराधी फिरोज कुरैशी पुत्र इकबाल उर्फ बाला निवासी ककरोली, जिला मुजफ्फरनगर को जनपद मुजफ्फरनगर के ककरोली थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाना रानीपुर में 12 फरवरी 24 में असलम पुत्र असगर निवासी ग्राम राजपुर पोस्ट गढ़ मीरपुर कोतवाली रानीपुर जनपद हरिद्वार ने बुलेरो गाड़ी के चोरी होने का मुकदमा पंजीकृत कराया था। तब से ही वह लगातार फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि एसटीएफ की इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल रियाज अख्तर, कांस्टेबल मोहित वर्मा की विशेष भूमिका रही।

एसएसपी ने बताया कि ईनामी फिरोज कुरैशी ने अपने साथियों के साथ मिलकर रानीपुर क्षेत्र से उक्त वाहन को चोरी किया फरार हो गया था ।एसएसपी हरिद्वार ने उस पर ईनाम घोषित किया। उन्होंने बताया कि ईनामी फिरोज एक हार्डकोर अपराधी है जिसके ऊपर उत्तराखण्ड,हरियाणा, यूपी में लूट,हत्या का प्रयास,आर्म्स एक्ट,वाहनचोरी,ठगी, धोखाधड़ी, नकबजनी,गैंगस्टर एक्ट के करीब 33 मुकदमें दर्ज हैं। अपराधी की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ लंबे समय काम रही। एसटीएफ कुमाऊं टीम निरीक्षक एमपी सिंह,एसआई बृजभूषण गुररानी, एएसआई प्रकाश भगत,हेड कांस्टेबल रियाज अख्तर,हेड कांस्टेबल किशोर कुमार,मोहित वर्मा,किशन चन्द्र समेत

थाना रानीपुर टीम प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भण्डारी,एसआई अर्जन कुमार, हरीश राना,प्रेम,नरेंद्र आदि शामिल रहे। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है।